हिन्दुस्तान 02
बुधवार, 6 सितंबर 2023
www.livehindustan.com

# छात्रों ने मिल्क प्लांट का भ्रमण किया

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में बीएससी तथा एमएससी रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने मंगलवार को वीटा मिल्क प्लांट बल्लभगढ़ में शैक्षिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य कक्षा में सीखने और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच अंतर को पाटना था। रसायन शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ. प्रियंका सहरावत, डॉ. ज्योति और मानसी त्यागी के साथ 60 छात्रों का समूह मंगलवार की सुबह मिल्क प्लांट पहुंचा। जिन्होंने विनिर्माण संचालन, उत्पादों और स्थानीय अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका का अवलोकन प्रदान किया।